उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 23.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 23.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 23.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान

आज दिनांक 23.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।









# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 23.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

- **मिशन शक्ति के तहत 5.0 महोबा पुलिस का जनजागरण अभियान**
- **महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हर गांव तक पहुंची पुलिस**
- **ग्राम चौपालों में संवाद कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण, महिलाओं को किया गया जागरूक**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं नोडल मिशन शक्ति अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण किया गया तथा उन्हें जागरूक किया गया।

अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने एवं अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 23.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बड़ी चन्द्रिका देवी मंदिर मेले से गुमशुदा बालक सकुशल बरामद...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत स्थापित महिला हेल्पडेस्क द्वारा निरंतर सराहनीय एवं मानवीय कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.03.2026 को बड़ी चन्द्रिका देवी मंदिर मेले के दौरान एक बालक रघुवीर रघुवंशी पुत्र शंकर रघुवंशी निवासी नयापुरा नयकाना थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा अपने माता-पिता से बिछड़ गया था। सूचना प्राप्त होते ही बड़ी चन्द्रिका देवी मंदिर पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत स्थापित महिला हेल्पडेस्क एवं मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई।

पुलिस टीम के अथक प्रयासों से बालक को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया, जिससे परिजनों द्वारा महोबा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उक्त सराहनीय कार्यवाही बड़ी चन्द्रिका देवी मंदिर पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत स्थापित महिला हेल्पडेस्क एवं मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा संपादित की गई।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा ऐसे मानवीय एवं जनहितकारी कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, जो “जनसेवा ही सर्वोत्तम सेवा” की भावना को सार्थक करते हैं।



## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 23.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह कां0 रामकुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र खुमान सिंह परिहार निवासी मोहल्ला देवगनपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा सम्बन्धित क्रिमिनल केश नं0 6001462/2004 मु0अ0सं0 129/96 धारा 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कोर्ट नं0 07 जनपद प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा
2. कां0 रामकुमार तिवारी

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

रमेश कुमार पुत्र खुमान सिंह परिहार निवासी मोहल्ला देवगनपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

